## जींद का प्रान्तीय आर्य महासम्मेलन

हरियाणा के आर्य नेताओं की एक बैठक दयानन्द मठ रोहतक में स्वामी इन्द्रवेश जी की अध्यक्षता में हुई जिसमें निर्णय लिया गया कि कन्या भ्रूण हत्या विरोधी सर्वधर्म जन-चेतना यात्रा हरियाणा के जिन भागों से समय के अभाव में नहीं निकल सकी, उन अछूते भागों में भी इसे निकाला जाये। इसके लिए वातावरण बनाने के लिए दिसम्बर में ही एक आर्य महासम्मेलन का आयोजन जीन्द में रखा गया। इस महासम्मेलन की अध्यक्षता स्वामी इन्द्रवेश जी ने की। महासम्मेलन में अपार भीड़ उमड़ी क्योंकि यह अमर शहीद रामप्रसाद बिस्मिल और अशफाक उल्ला खाँ के बलिदान दिवस पर आयोजित किया गया था। महर्षि दयानन्द योग चिकित्सा आश्रम, जीन्द की ओर से यह भव्य आयोजन किया गया था।

इस प्रान्तीय आर्य महासम्मेलन को सर्वश्री स्वामी इन्द्रवेश जी, स्वामी अग्निवेश जी, हरियाणा के वित्त मंत्री चौ. वीरेन्द्र सिंह, जुलाना के विधायक शेर सिंह (रिटा. आई.जी.), जगवीर सिंह एडवोकेट, रणधीर सिंह रेढू एडवोकेट, सूबेसिंह (पूर्व एस.डी.एम.) डॉ. स्नेहलता अहलावत आदि ने सम्बोधित किया। हरियाणा के पूर्व मंत्री रामकिशन बैरागी भी यहां उपस्थित थे। सभी वक्ताओं ने कन्या भ्रूण हत्या की निन्दा की, इसके भावी दुष्परिणामों का उल्लेख किया, इस प्रवृत्ति को त्यागने की अपील की, जन-जागरण कर लोगों की मानसिकता बदलने पर जोर दिया, लिंग-निर्धारण व आप्रेशन करने वालों की भर्त्सना की गई, सरकार से कन्या भ्रूण हत्या विरोधी वातावरण प्रदेश में बनाने की प्रार्थना की गई। स्वामी इन्द्रवेश जी ने इस अवसर पर घोषणा की कि 3 फरवरी 2006 बसन्त पंचमी का पर्व और दीनबन्धु सर छोटूराम की जयन्ती है अतः कन्या भ्रूण हत्या विरोधी सर्वधर्म जन-चेतना यात्रा का शुभारम्भ इसी दिन से होगा और इसका समापन 13 फरवरी को संत रविदास जयंती पर होगा। बारह दिन की इस अभियान यात्रा की रूपरेखा शीघ्र ही तैयार करके घोषित कर दी जायेगी। हज़ारों श्रोताओं ने करतल ध्वनि कर इस घोषणा का स्वागत किया। स्वामी अग्निवेश जी और चौ. वीरेन्द्र सिंह ने स्वामी जी की इस घोषणा का स्वागत करते हुए लोगों से इसे सफल बनाने की अपील की। चौ. वीरेन्द्र सिंह ने राजकोष से आर्थिक मदद देने का आश्वासन भी दिया। इस महासम्मेलन का संयोजन श्री रामधारी शास्त्री ने किया।